



### एक नजर में



### नीलकंठ नर्मदा घाट का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**भैरूंदा.** नीलकंठ नर्मदा घाट का प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा निरीक्षण करते हुए नाव संचालकों एवं नाविकों की बैठक आयोजित की. अधिकारियों ने नाव संचालन के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. बैठक में नाविकों को सवारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की हिदायत दी गई. अधिकारियों ने प्रत्येक नाव में अनिवार्य रूप से लाइफ जैकेट, ट्यूब, रस्सी एवं अन्य सुरक्षा सामग्री रखने के निर्देश दिए. साथ ही नाव में क्षमता से अधिक सवारियां नहीं बैठाने तथा नदी में सतर्कता के साथ नाव संचालन करने की समझाइश दी गई.



### निर्माण योजनाओं के प्रस्ताव के साथ सीएम से मिले विधायक

**सीहोर.** विधानसभा क्षेत्र के चौमुखी विकास के लिए विधायक सुदेश राय सक्रिय बने हुए हैं. नागरिकों को सड़क पानी बिजली शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जुटे हुए हैं. विधायक सुदेश राय ने बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण अंचलों के रहवासियों के द्वारा उनके समक्ष रखी गई विभिन्न मांगों को भी प्रस्तुत किया. उन्होंने अधूरे विकास कार्यों को पूर्ण करने एवं नई योजनाओं को गति देने को लेकर भी मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया. हाल ही में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित हुए निर्माण कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रमों से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया.



### बिहार के अधिकारियों ने खड़ीहाट में किया एक्सपोजर भ्रमण

**आष्टा.** भोपाल प्रशासनिक अकादमी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार से आए नवनियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों का ग्राम पंचायत खड़ी हाट में एक्सपोज़र भ्रमण कराया गया. अधिकारियों को ग्रामीण विकास संबंधी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति से अवगत कराया गया. अधिकारियों ने ग्राम पंचायत में संचालित विकास कार्यों, आजीविका गतिविधियों एवं पंचायत व्यवस्था का अवलोकन किया व ग्रामीणों एवं पंचायत पदाधिकारियों से चर्चा की.



### जनगणना के प्रथम चरण के डाटा की गुणवत्ता जांच के निर्देश

**सीहोर.** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य के डाटा की गुणवत्ता जांच को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं. यह कार्य 30 मई तक संचालित किया जाएगा. जारी निर्देशों में कहा गया है कि छूटे हुए भवन, मकान एवं परिवारों को पुनः विजिट कर शामिल किया जाए तथा फील्ड वर्क की गुणवत्ता की जांच कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जाएं. सभी प्रगणकों को प्रत्येक परिवार से स्व-जनगणना संबंधी जानकारी की पुष्टि करने, सभी प्रश्न पूछने और किसी भी प्रश्न को स्किप नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं. साथ ही पर्यवेक्षकों को प्रगणकों द्वारा एकत्रित डाटा की जांच कर त्रुटियों में सुधार कराने, चयनित एचएलबी में फील्ड निरीक्षण करने तथा सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से गुणवत्ता परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं. लॉक्ड हाउस की स्थिति में तीन बार विजिट कर जानकारी दर्ज करने के लिए भी कहा गया है.



### दिवंगत मासूम की याद में किया 14 यूनिट रक्तदान

**सीहोर.** हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी मनीष दुबे के साढ़े तीन साल के मासूम बेटे का एक हादसे में देहांत हो गया था. उसकी याद में हर वर्ष रक्तदान करने का निर्णय परिजनों ने लिया है और इसको सार्थक करते हुए बुधवार को जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में परिवार सहित अन्य ने करीब 14 यूनिट रक्तदान जरूरतमंदों के लिए प्रदान किया. लगातार दूसरी साल मासूम की याद में रक्तदान किया है. श्री दुबे ने बताया कि 2021 में उनके पुत्र का आकस्मिक निधन छत से गिरने के कारण हो गया था, उसकी याद में हर साल रक्तदान करने के साथ जरूरतमंदों की सेवा का संकल्प लेकर इस पुनीत रक्तदान शिविर का आयोजन है किया गया है. इस शिविर में बच्चे के परिजन और कई अन्य लोग शामिल हुए और उन्होंने रक्तदान किया. रक्तदान जीवन बचाने का एक महत्वपूर्ण तरीका है. यह उन लोगों के लिए मददगार साबित हो सकता है जिन्हें रक्ताधान की आवश्यकता होती है.

## दिन में आग, रात में कटौती से त्रस्त आमजन

### अधिकतम तापमान 46 पर पहुंचा, दोपहर में सड़कों पर पसरा सन्नाटा, रात में गर्म हवाएं बनीं मुसीबत

- भीषण गर्मी का सामना कर रहे लोगों को मानसून का इंतजार
- आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकल रहे लोग

नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 मई. जिले में भीषण गर्मी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है. सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया. आसमान से बरसती आग और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया. दिन के समय शहर की सड़कें सूनी नजर आई और माहौल कर्फ्यू जैसा दिखाई दिया. वहीं रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिलने तथा लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की परेशानियां कई गुना बढ़ा दी हैं.**

जिले में इस बार मई महीने की गर्मी ने पिछले कई वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. सुबह 8 बजे के बाद ही तेज धूप और तपिश शुरू हो जाती है, जबकि दोपहर तक सड़कें आग उगलती नजर आती हैं. हालात यह हैं कि दोपहर के समय मुख्य बाजार, बस स्टैंड, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर आम दिनों की तुलना में बेहद कम आवाजाही दिखाई दे रही है. लोग केवल जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं.

दोपहर के समय शहर की सभी सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है. गर्म हवाओं के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है. तेज धूप से बचने के लिए लोग चेहरे ढंककर निकल रहे हैं, जबकि कई स्थानों पर राहगीर पेड़ों और छांव वाली जगहों पर रुककर राहत पाने का प्रयास करते दिख रहे हैं.

भीषण गर्मी का असर व्यापार पर भी देखने को मिल रहा है. दोपहर के समय बाजारों में ग्राहकों की संख्या काफी कम हो गई है. कई दुकानदारों का कहना है कि दोपहर में ग्राहक नहीं आने के कारण कारोबार प्रभावित हो रहा है. होटल, चाय और नाश्ते की दुकानों पर भी कम भीड़ दिखाई दे रही है. भीषण गर्मी से हलकान लोगों को अब मानसून की बारिश का बेकरारी से इंतजार है, क्योंकि गर्मी का मिजाज उनकी सेहत पर भी भारी साबित हो रहा है. जिला अस्पताल में मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है. ओपीडी में मरीजों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं. डॉक्टरों ने भी इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है. स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक तेज धूप में निकलने से बचना चाहिए. पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने और शरीर को हाइड्रेट रखने की सलाह दी जा रही है. अस्पतालों में भी गर्मी और डिहाइड्रेशन से संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है. आरएके कृषि कॉलेज के मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएस तोमर के अनुसार फिलहाल अगले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम दिखाई दे रही है. तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव हो सकता है, लेकिन लू और तेज गर्मी का असर बना रहेगा. ऐसे में लोगों को सतर्क रहने और सावधानी बरतने की जरूरत है.



**सीहोर.** भीषण गर्मी और आसमान से बरस रही आग से बचने लोग घरों में दुबक रहे हैं जिससे सड़कें सुनसान नजर आ रही हैं.

#### बिजली की घोषित व अघोषित कटौती ने किया परेशान

रात के समय भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है. न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहने और उमस बढ़ने के कारण लोगों की नींद प्रभावित हो रही है. स्थिति तब और अधिक खराब हो जाती है जब बिजली की अघोषित कटौती शुरू हो जाती है. शहर के कई इलाकों में बार-बार बिजली बंद होने की शिकायतें सामने आ रही हैं. लोगों का कहना है कि दिनभर की तपिश के बाद रात में बिजली चले जाने से घरों में रुकना मुश्किल हो रहा है. स्थानीय नागरिकों ने बताया कि कई मोहल्लों में रात के समय एक से दो घंटे तक बिजली बंद रहने की स्थिति बन रही है.

### अतिक्रमण के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**सीहोर.** जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने नपा कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन नपा सीएमओ सुधीर सिंह को सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने नगर में बेसहारा मवेशियों, सड़क पर अतिक्रमण और फुटपाथ एवं सड़क पर बेतरतीब पार्किंग किए जाने से बढ़ रहे हादसों की ओर जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया. पंकज शर्मा ने बताया कि नगर में बेसहारा मवेशियों, सड़क पर पक्के-कच्चे अतिक्रमण तथा फुटपाथ एवं सड़क पर बेतरतीब तरीके से पार्किंग किए जाने से ना केवल पैदल चलने वालों को परेशानी होती है और भयानक हादसों का खतरा बना रहता है. शर्मा ने जिला प्रशासन और नपा से इन सभी मांगों पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करने तथा इन सभी समस्याओं से तुरंत मुक्ति दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है. ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम यादव, पार्षद विवेक राठौर, इरफान लाला, अरुण मालवीय आदि शामिल हैं.

## ऑनलाइन बिक्री के विरोध में बंद रहीं दुकानें

**सीहोर/शाहगंज 20 मई.** ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर 20 मई बुधवार को देश भर में दवा व्यापार बंद रहा. इसी क्रम में जिले भर के लगभग 700 मेडिकल स्टोर पूरी तरह बंद रहे. हालांकि जिले भरी के प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र सहित निजी अस्पतालों के मेडिकल स्टोर खुले रहने से मरीजों को असुविधा नहीं हुई.

गौरतलब है कि यह बंद ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध एवं दवा व्यापारियों के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर किया गया था. बिना नियंत्रण के चल रही ऑनलाइन दवा बिक्री, भारी छूट की अनियमितताएं एवं नीतिगत विसंगतियां दवा बाजार को प्रभावित कर रही हैं. इसी के विरोध में मध्य प्रदेश केमिस्ट ड्रगिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में यह आंदोलन किया जा रहा है. शाहगंज के दवा विक्रेता अनूप




जैन ने बताया कि आजकल भारी भरकम डिस्काउंट के चक्कर में दवा उपभोक्ता ऑनलाइन दवाइयां भारी मात्रा में खरीद रहे हैं. परंतु उन्हें यह नहीं मालूम होता की दवा असली है कि नकली है और वह ऑनलाइन दवा डिस्काउंट के चक्कर में बुला लेता है. नगर के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों ने दुकानें बंद रखकर आंदोलन में भूमिका निभाई एवं ऑनलाइन दवा बिक्री का विरोध किया. उन्होंने बताया कि ऑनलाईन दवा ब्रिकी और नकली दवाओं की बिक्री के विरोध में प्रदेश व्यापी आव्हान के चलते जिले के 700 से अधिक मेडिकल स्टोर बंद रहे.

## शराबी ट्रक चालक ने कई वाहनों में मारी टक्कर

- कन्नौद रोड व पुराने हाईवे पर बीती रात मची अफरा-तफरी
- मदमस्त ट्रक चालक ने दो बाइक व कार में मारी टक्कर

नवभारत न्यूज

**आष्टा 20 मई.** मंगलवार रात शहर में एक शराब के नशे में धुत आयशर ट्रक चालक ने जमकर आतंक मचा दिया. तेज रफ्तार ट्रक ने पहले कन्नौद रोड पर एक बाइक सवार को टक्कर मारी, इसके बाद पुराने भोपाल-इंदौर हाईवे पर एक कार और दूसरी बाइक को भी अपनी चपेट में ले लिया. लगातार हो रही टक्करों से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और सड़क पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई. घटना के बाद चालक ट्रक से कूदकर फरार हो गया, जबकि उसके साथ मौजूद क्लीनर को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 15 इंदिरा कॉलोनी निवासी चालक मनोज मालवीय अपने भाई सुनील मालवीय के साथ ट्रक चला रहा था. बताया जा रहा है कि दोनों शराब के नशे में थे और ट्रक की रफ्तार बेहद तेज थी. स्थानीय लोगों ने वाहन रोकने की कोशिश भी की, लेकिन चालक ने किसी की नहीं सुनी और तेज गति से वाहन दौड़ाता रहा.

पहले कन्नौद रोड पर एक बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद ट्रक पुराने भोपाल-इंदौर हाईवे की ओर बढ़ा, जहां दरगाह के समीप उसने एक कार और दूसरी बाइक को भी टक्कर मार दी. हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोगों को चोटें आईं. टक्कर का शिकार हुई कार में पूर्व पार्षद इदरीश मंसूरी अपने परिवार के चार सदस्यों के साथ भोपाल से आष्टा लौट रहे थे. हादसे को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह तेज रफ्तार ट्रक सामने से आया, उससे पहली बार मौत को इतने करीब से महसूस किया. उन्होंने बताया कि घटना में उन्हें चोटें आई हैं और कार को भी भारी नुकसान पहुंचा है.

घटना के बाद चालक मनोज मालवीय ट्रक से कूदकर मौके से फरार हो गया. वहीं उसके भाई और क्लीनर सुनील मालवीय को आक्रोशित लोगों ने पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे उसे भी चोटें आई हैं. सूचना मिलने पर टीआई गिरीश दुबे बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया.

पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है तथा फरार चालक मनोज मालवीय के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.



## कान्याखेड़ी जलाशय डूब क्षेत्र से हटाया अतिक्रमण

- अतिक्रमण को लेकर आपस में भिड़ गए थे दो पक्ष
- राजस्व और पुलिस विभाग ने सख्ती से हटाया अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**जावर 20 मई.** कान्याखेड़ी जलाशय के डूब क्षेत्र में आने वाले ग्राम केशोपुर के पुनर्वास स्थल पर बुधवार सुबह अतिक्रमण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई. सूचना मिलते ही तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा तथा डोडी चौकी प्रभारी दिनेश यादव पुलिस एवं राजस्व के दल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लिया.

तहसीलदार चोरमा ने बताया कि ग्राम केशोपुर के विस्थापित परिवारों को हर्नियागांव के समीप पुनर्वास स्थल पर प्लॉट आबंटित किए गए हैं. मौके पर जांच के दौरान पाया गया कि ग्राम केशोपुर के एक पक्ष द्वारा पुनर्वास स्थल के समीप स्थित रिक्त शासकीय भूमि पर ईंटें डालकर अतिक्रमण किया जा रहा था. वहीं दूसरे पक्ष द्वारा इस भूमि को अपने कब्जे की भूमि बताया जा रहा था.जांच में स्पष्ट हुआ कि यह विवादित भूमि शासकीय है. तहसीलदार और चौकी प्रभारी ने दोनों पक्षों को समझाइश दी तथा अतिक्रमण के प्रकरण तैयार किए गए. इसी तरह ग्राम केशोपुर निवासी उदल सिंह द्वारा ग्राम कल्याणपुरा स्थित भूमि पर अवैध रूप से बीम-कॉलम डालकर मकान निर्माण किया जा रहा है. जबकि उसे पुनर्वास स्थल पर पहले ही प्लॉट आवंटित किया जा चुका है. मामले में तहसीलदार द्वारा अतिक्रमणकर्ता पर अर्थदंड की कार्यवाही की जा चुकी है। राजस्व एवं पुलिस के अमले ने मौके पर पहुंचकर तत्काल अतिक्रमण हटाया और भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया.

इस मौके पर तहसीलदार ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि क्षेत्र में अशांति फैलाने या शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा. प्रशासन द्वारा ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी.



### ग्रामीणों ने की कटौती बंद करने की मांग



नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 मई.** अघोषित बिजली कटौती ने ग्रामीणों का जीना दुश्वार कर दिया है. भीषण गर्मी में सेमरा दांगी सहित आसपास के गांवों में 2 घंटे बिजली कटौती की जा रही है. ग्रामीणों ने बुधवार को विनय सिंह दांगी के नेतृत्व में विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय पहुंचकर कार्यपालन यंत्री को ज्ञापन देकर घोषित अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद करने की मांग की है.

ग्रामीणों ने बताया कि बिजली कटौती के कारण घरों में कूलर पंखे नहीं चल पा रहे हैं. बिजली नहीं होने के कारण दिन में भी आराम नहीं कर पा रहे हैं. क्षेत्र में मक्खी, मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ गया है. ग्रामीण तेज गर्मी और हवा की गति कम होने के कारण घबराहट बेचैनी के शिकार हो रहे हैं. बिजली कटौती ने ग्रामीणों का जीना मुश्किल कर दिया है. क्षेत्र के कुलदीप दांगी, चंद्र प्रकाश सिंह, विक्रम सिंह, महेंद्र दांगी, विनोद मेवाड़ा, महेश मेवाड़ा, धर्मेंद्र मालवीय, प्रमोद धाकड़ सहित ग्राम वासियों ने विद्युत वितरण कंपनी से रात और दिन में की जा रही 2 घंटे की आ घोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग की है.

**बैठक** करोड़ों के विकास कार्यों को मिली मंजूरी, बाल विहार मैदान दादा शिवलाल सिंह चौहान के नाम पर होगा विकसित

## परिषद के सम्मलेन में शहर के विकास को मिली रफ्तार : प्रिंस

नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 मई.** नपा परिषद की सामान्य परिषद सम्मेलन बैठक में शहर के समग्र विकास और जनसुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई. परिषद द्वारा करोड़ों रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति मिलने के बाद शहर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और सौंदर्यीकरण का रास्ता साफ हो गया है.

बैठक में सड़क निर्माण, घाट विकास, नाला निर्माण, विद्युत व्यवस्था, सौंदर्यीकरण और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई. इस दौरान नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि परिषद का उद्देश्य शहर को आधुनिक, स्वच्छ और सुविधायुक्त बनाना है. साथ ही उन्होंने घोषणा की कि बाल विहार मैदान को दादा शिवलाल सिंह चौहान के नाम से नई पहचान दी जाएगी.

बैठक में वार्ड क्रमांक 28 स्थित सीवन नदी घाट के विकास कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई. इसके अलावा भोपाल नाका क्षेत्र में डामरीकरण, फुटपाथ निर्माण, विद्युत पोल शिफ्टिंग और सौंदर्यीकरण कार्यों को भी मंजूरी दी गई. परिषद ने शासकीय स्कूल से लुनिया चौराहा तक सीसी सड़क और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था के लिए विस्तृत योजना तैयार करने पर सहमति जताई. शहर की विभिन्न सड़कों के निर्माण और सुधार कार्यों के लिए भी करोड़ों रुपये के प्रस्ताव पारित किए गए.

परिषद सम्मेलन में एमपीबी चौराहे पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना का प्रस्ताव भी पारित किया गया. वहीं भोपाल नाका से सी टू नाले तक नाला निर्माण और उसके सौंदर्यीकरण कार्य को भी हरी झंडी दी गई. बैठक में सेकड़ा खेड़ी स्थित शहीद स्मारक स्थल को नगर पालिका परिषद के अधीन लेने का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर सदस्यों ने सहमति व्यक्त की. शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर यूनिपोल लगाने संबंधी प्रस्ताव भी स्वीकृत किए गए. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि परिषद केवल निर्माण कार्य कराने तक सीमित नहीं रहेगी. बल्कि शहर को एक व्यवस्थित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करना लक्ष्य है.



### कांकर ने किया केंद्रों का निरीक्षण

**सीहोर.** मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम के उपाध्यक्ष कांकर ने नान के कार्यालय का निरीक्षण किया और अधिकारियों की बैठक आयोजित कर उपार्जन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की. उन्होंने जिले के देव वेयरहाउस एवं अन्य उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया. इस दौरान उपार्जन केंद्रो पर सुचारू रूप से चल रहे उपार्जन कार्य को लेकर उन्होंने संतुष्टि व्यक्त की. उन्होंने किसानों को उपलब्ध सुविधाएं, तौल व्यवस्था, अनाज भंडारण एवं भुगतान प्रक्रिया देखी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए. उन्होंने किसानों से संवाद कर समस्याएं सुनीं और अधिकारियों त्वरित निराकरण के निर्देश दिए.